बैठक के प्रारम्भ में **प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग** ने अध्यक्ष महोदय एवं अन्य उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत किया! उनके द्वारा अवगत कराया कि **गौला, कोसी, दाबका, शारदा** व **नन्धौर** नदियों में 10 वर्षो के लिए उप खनिज चुगान हेतु अनुमति **भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली** के निम्नलिखित आदेशों से कतिपय शर्तो के अधीन प्राप्त हुई है जिनके क्रम में **'मॉनिटरिंग' समिति** द्वारा अधिरोपित शर्तो के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा की जानी है :-

नदी का नाम	'वन (संरक्षण) अधिनियम' के अन्तर्गत प्राप्त अनुमति का आदेश संख्या तथा दिनांक
गौला	F. No. 8-61/1999-FC, 23rd January 2013
नन्धौर	F. No. 8-34/1916-FC, 6th September 2017
शारदा	F. No. 8-61/1999-FC (pt-III), 11th February 2013
कोसी	F. No. 8-61/1999-FC (pt-I), 15th February 2013
दाबका	F. No. 8-61/1999-FC (pt-II), 15th February 2013

अग्रेत्तर विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत किया गया :-

नदी का नाम	जनपद का नाम	प्रभाग का नाम	नदी का वह क्षेत्रफल जिसमें चुगान की अनुमति दी गयी है (हैक्टेयर में)
गौला	नैनीताल	तराई पूर्वी वन प्रभाग	1497
नन्धौर	नैनीताल ऊधमसिंह नगर	तराई पूर्वी वन प्रभाग	468
शारदा	चम्पावत	हल्द्वानी वन प्रभाग	384.69
कोसी	चम्पावत	तराई पश्चिमी वन प्रभाग	254
दाबका	चम्पावत	तराई पश्चिमी वन प्रभाग	223

उपरोक्त नदियों से उप खनिज चुगान संबंधी विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत किया गया :-

नदी का नाम	भारत सरकार द्वारा प्रदत्त अनुमति के अनुसार उप खनिज चुगान की अधिकतम मात्रा (लाख घन मीटर में)	CSWCRTI (IISWC) द्वारा सर्वे उपरान्त चुगान सत्र 2019-20 हेतु अनुमानित मात्रा (लाख घन मीटर में)	दि0 21.06.2020 तक उप खनिज चुगान की मात्रा (लाख घन मीटर में)
गौला	54.25	30.66	24.86
नन्धौर	20.30	6.94	6.89
शारदा	CSWCRTI द्वारा प्रतिवर्ष अनुमानित मात्रा	4.44	2.78
कोसी	Recommended संस्था द्वारा प्रतिवर्ष अनुमानित मात्रा	4.57	2.97
दाबका	CSWCRTI द्वारा प्रतिवर्ष अनुमानित मात्रा	0.77	0.77 (दि. 14.06.2020 को उप खनिज चुगान इस चुगान सत्र में बंद कर दिया गया)

समिति पांचों नदियों की चुगान अनुमति के सापेक्ष अधिरोपित शर्तों से अवगत हुई। अधिरोपित शर्तों के अनुपालन का मुख्यतः दायित्व कार्यदायी संस्था अर्थात **उत्तराखण्ड वन विकास निगम** का है। पांचों नदियों में **भारत सरकार** द्वारा चुगान की जो अनुमति प्रदत्त की गयी है, उनमें से अधिकतर शर्तें एक समान हैं। अतः ऐसी स्थिति में सर्वप्रथम सबसे बड़ी नदी **गौला** की शर्तों के संदर्भ में सभी हेतु अनुपालन की समीक्षा की गयी। तत्पश्चात अन्य नदियों के लिए विहित विशिष्ट शर्तों के अनुपालन की समीक्षा की गयी।

Forest Clearance में अधिरोपित शर्तों की शर्तवार व नदीवार समीक्षा का विवरण अग्रेत्तर दिया गया है :-

गौला नदी :–

(i) Legal status of the diverted forest land shall remain unchanged – नदी में चुगान हेतु हस्तान्तरित वन भूमि की वैधानिक स्थिति में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उक्त भूमि ज्यों–की–त्यों आरक्षित वन क्षेत्र बनी हुई है। अतः इस बिन्दु का अनुपालन हो रहा है।

(ii) Compensatory afforestation over degraded forest land equal in extent to the forest land being diverted shall be raised and maintained by the state forest department from funds realised from the user agency – **प्रभागीय** वनाधिकारी, **तराई पूर्वी वन प्रभाग** ने यह अवगत कराया कि गौला नदी के वन भूमि हस्तान्तरण के सापेक्ष प्रतिवर्ष 150 है० क्षतिपूरक वृक्षारोपण किये जाने का लक्ष्य **तराई पूर्वी वन प्रभाग** को प्राप्त हो रहा है। इस प्रकार 10 वर्षों में कुल 1500 है० क्षतिपूरक वृक्षारोपण कर लिया जायेगा। उक्त वृक्षारोपण उपर्युक्त भूमि की उपलब्धता के आधार पर किया जा रहा है। *इस सम्बन्ध में **प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड** ने यह निर्देश दिये कि वर्ष 2013 में अनुमति प्राप्त होने के पश्चात अब तक किस नदी के सापेक्ष कितना क्षतिपूरक वृक्षारोपण किया गया है तथा आगामी वर्षो में अवशेष क्षतिपूरक वृक्षारोपण को सम्पादित किये जाने की क्या योजना है – उससे सम्बन्धित विवरण **प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी** शीघ्र उपलब्ध करायेंगे।*

(iii) The state government shall realise from the user agency the additional amount of NPV, if so determined, as per the final decision fo the Hon'ble Supreme Court of India and transfer the same to the ad-hoc CAMPA – **समिति** के संज्ञान में यह आया कि **गौला** तथा अन्य नदियों में **उत्तराखण्ड वन विकास निगम** द्वारा NPV जमा नहीं किया गया है। इस बिन्दु पर **उत्तराखण्ड वन विकास निगम** की ओर से बताया गया कि **निगम** पर NPV की देयता **मा० उच्चतम न्यायालय** के आदेशों के क्रम में नहीं बनती है तथा **भारत सरकार** द्वारा प्रदत्त अनुमति में भी इस बात का उल्लेख नहीं है। इसके विपरीत **समिति** के संज्ञान में यह आया कि हरिद्वार में नदियों में चुगान हेतु **उत्तराखण्ड वन विकास निगम** द्वारा NPV जमा की गयी है। *उक्त के क्रम में **प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड** ने यह निर्देश दिये कि **उत्तराखण्ड वन विकास निगम** पर NPV की देयता अन्य नदियों (गौला, कोसी, दाबका, शारदा, नन्धौर इत्यादि) हेतु बनती है या नहीं, इसके निर्धारण हेतु आवश्यक पत्र **प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड** की ओर से **उत्तराखण्ड शासन** को प्रेषित कर दिया जाये, जिसकी प्रति नोडल अधिकारी को भी कर दी जाये, ताकि इस बात पर स्थिति स्पष्ट करायी जा सके कि **उत्तराखण्ड वन विकास निगम** द्वारा NPV जमा की जानी है अथवा नहीं? पत्र का आलेख, आवश्यक विवरण के साथ **प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग** शीघ्र प्रस्तुत करेंगे।*

(iv) The user agency shall obtain the Environment Clearance as per the provisions of the Environmental (Protection) Act, 1986, if required - **क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम**, रामनगर ने यह अवगत कराया कि इस शर्त का अनुपालन कर दिया गया है। **प्रभागीय वनाधिकारी**, तराई **पूर्वी** वन **प्रभाग** द्वारा यह अवगत कराया गया कि कुमाऊँ की चार नदियों गौला, शारदा, कोसी एवं दाबका का Environment Clearance वर्ष 2021 में समाप्त होने वाला है और यदि Environment Clearance को समय रहते नवीनीकृत नहीं किया जाता है तो ऐसी स्थिति में चुगान सत्र 2020–21 के मध्य में ही नदियों से चुगान बन्द करना आवश्यक हो जायेगा। ***प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड** ने **उत्तराखण्ड वन विकास निगम***

(कार्यदायी संस्था) को तत्काल Environment Clearance के नवीनीकरण सम्बन्धी कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया ताकि भविष्य में चुगान के कार्य में बाधा न पड़े।

(v) The State Government and the user agency shall work with local residents of *Bindu Khatta* to give safe and uninterrupted passage to the wild animals passing through the Gola corridor, expedite payment of compensation in case of any damage to property etc. and generally increase awareness of the methods of co-existence of man and wildlife - इस शर्त का अनुपालन किया जा रहा है। मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं में मुआवजा देने की कार्यवाही त्वरित रूप से की जा रही है।

(vi) The State Government shall not allow any new facility/structure within the Gola corridor to ensure its restoration in future. The State Government shall also ensure that the boundary of the ITBP battalion-headquarters be shifted towards south so as to ensure that it is located entirely on southern side of the Gola corridor and that the corridor is maintained free of fresh obstructions from the Highway/Railway line upto the *Bindu Khatta* settlement - **मुख्य वन संरक्षक**, कुमाऊँ द्वारा यह अवगत कराया गया कि उक्त शर्त का अनुपालन सुनिश्चित कर लिया गया है तथा ITBP battalion- headquarters को दक्षिण की ओर shift कर दिया गया है। **समिति** इस संबंध में संतुष्ट हुई।

(vii) To eliminate disturbance from collection of minor minerals on movement of wild animals along the Gola corridor, collection of minor minerals in a 2.50 km long stretch of the river bed located on the Gola corridor shall be prohibited. However, in case it is observed that non-collection of minor-minerals from the corridor results in major floods in adjoining areas, the user agency, under strict supervision of the State Forest Department and representative of the Chief Wildlife Warden, may undertake periodic accelerated collection (during the period having least frequency of wildlife movement) of minor minerals from the said stretch of the river bed, to maintatin river geometry - **क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम**, कुमाऊँ द्वारा यह अवगत कराया गया कि प्रश्नगत 2.50 किमी० क्षेत्र में विगत वर्ष बाये किनारे पर बड़ी मात्रा में एकत्रित आर०बी०एम० को निकटवर्ती क्षेत्रों में आपदा के दृष्टिगत जिलाधिकारी, नैनीताल द्वारा आपदा अधिनियम के अधीन जारी आदेश के क्रम में 'चैनेलाईज' करा दिया गया है तथा उक्त 'चैनलाईजेशन' के फलस्वरूप निकले हुए आर०बी०एम० को चैनल के दोनों तरफ एकत्रित कर रखा गया है। मौके पर उक्त आर०बी०एम० पड़ा हुआ है, जिसका आगामी वर्षाकाल में नीचे के क्षेत्रों में बह जाने की सम्भावना है। *उक्त के क्रम में **प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड** द्वारा यह निर्देश दिया गया कि इस बिन्दु पर विचार करने हेतु पूर्व में बनायी गयी समिति के अध्यक्ष को **प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड** की ओर से पत्र प्रेषित कर, प्रश्नगत क्षेत्र का निरीक्षण अगले चुगान सत्र से पूर्व करने हेतु निर्देशित किया जाये। समिति समुचित विचार कर **गौला** के किनारे–किनारे एकत्रित किये गये उपखनिज की निकासी किये जाने पर विचार कर संस्तुति करेगी। यदि उक्त एकत्रित आर०बी०एम० को उक्त क्षेत्र से हटाया जाना समिति आवश्यक समझे तो ऐसी स्थिति में वांछित प्रयोजन हेतु मशीनों (जे०सी०बी० इत्यादि) का प्रयोग किये जाने पर भी समिति अपना मन्तव्य देगी।*

(viii) To restore the functionality and utility of the migratory corridor linking Corbet Tiger Reserve with the Pawalgarh Conservation Reserve, the State Government may explore feasibility to relocate the settlements from the Sundearkhal village by using State CAMPA funds – प्राप्त

जानकारी के अनुसार **सुन्दरखाल गाँव** को विस्थापित किये जाने का प्रस्ताव **शासन** स्तर पर विचाराधीन है। ***शासन को इस संबंध में अनुस्मारक प्रेषित किया जाये।***

(ix) **The State Government shall constitute a committee under Chairmanship of the Principal Chief Conservator of Forests, Government of Uttarakhand and having the representative of the Ministry of Environment & Forests, Wildlife Institute, Dehradun and NGOs such as Sanskara, WWF-India, WTI, IUCN etc. as its members to review annually the status of compliance of the stipulated conditions and issue appropriate direction to the user agency in case of any deviation as well as any hazard due to non-removal of minor minerals from the protected corridor. The collection of minor minerals after 31st day of January in a year shall be allowed only after receipt of certificate from the Monitoring Committee that the conditions stipulated in the approval accorded under the Forest (Conservation) Act, 1980 and the instructions issued by the Monitoring Committee have satisfactorily been complied in collection of the minor minerals during the previous calendar year** - इस शर्त के अनुपालन में ही इस 'मॉनिटरिंग कमेटी' का **राज्य सरकार** द्वारा गठन किया गया है तथा पूर्व की भाँति **समिति** की यह वार्षिक बैठक सम्पन्न की जा रही है।

(x) **To ensure extraction of minor minerals in a sustainable manner the user agency shall formulate a transparent and unbiased procedure for engagement of labourers for extraction of the minor minerals from the diverted forest land** - **क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम, कुमाऊँ** द्वारा यह अवगत कराया गया है कि नदियों से चुगान हेतु 'रजिस्टर्ड' वाहनों के 'रजिस्ट्रेशन' की प्रक्रिया तथा चुगान की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से एवं बिना किसी भेदभाव के सम्पन्न की जाती है। ***प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड** द्वारा यह निर्देश दिये गये कि श्रमिकों के पारदर्शी एवं unbiased engagement हेतु **वन विकास निगम** के स्तर से कोई procedure formulate नहीं किया गया है। अतः **उत्तराखण्ड वन विकास निगम के प्रबन्ध निदेशक** इस हेतु एक स्थाई आदेश निर्गत करें।*

(xi) **Fifty percent of the net profit earned by the user agency from the collection of minor minerals shall be deposited to a Special Purpose Vehicle (SPV) to be constituted by the Sate Government under the Chairmanship of the Chief Wildlife Warden, Government of Uttarakhand. The amount to be deposited in the SPV shall be used exclusively for river training activities and management & protection of forest & wildlife in vicinity of forest land diverted for collection of minor minerals** - इस शर्त के क्रम में **वन विभाग** का यह मत है कि कार्यदायी संस्था द्वारा अपने Net Profit के 50 प्रतिशत को Special Purpose Vehicle (SPV - *गौला कार्पस*) में जमा नहीं किया जा रहा है। Net Profit का calculation कार्यदायी संस्था (वन विकास निगम) की balance-sheet के आधार पर होना चाहिए। इस क्रम में **क्षेत्रीय प्रबन्धक, कुमाऊँ, उत्तराखण्ड वन विकास निगम** का यह कथन था कि *गौला कार्पस* में जितनी धनराशि जमा की जानी है उतनी ही जमा की जा रही है। उल्लेखनीय है कि **प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड** ने विगत वर्ष इस 'मॉनीटरिंग कमेटी' की बैठक दिनांक 25.04.2019 में इस संबंध में यथोचित निर्देश निर्गत किए गये थे। उक्त बैठक का कार्यवृत्त **प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड** के पत्रांक पी0ओ0 / 1489 दिनांक 27.04.2019 द्वारा जारी किया गया था। कार्यवृत्त के बिन्दु सं0 (xi) के अनुसार – *"उत्तराखण्ड वन विकास निगम उन नदियों (जैसे कि कोसी, दाबका, नन्धौर इत्यादि) में गौला नदी की भाँति लाभांश के रूप में एकत्रित धनराशि का 100 प्रतिशत कार्पस निधि Special Purpose Vehicle (SPV) में जमा कराया जाना सुनिश्चित करें। उक्त नदियों की विगत वर्षो की 50 प्रतिशत धनराशि जो*

कार्यदायी संस्था के पास है, उक्त धनराशि को भी शीघ्र सम्बन्धित कार्पस निधियों में जमा कराया जाना सुनिश्चित करे।'' 'मॉनीटरिंग कमेटी' के उक्त निर्देशों के पश्चात भी उत्तराखण्ड वन विकास निगम द्वारा गौला, दाबका एवं नन्धौर नदी के Special Purpose Vehicle (SPV) में लाभांश की 50 प्रतिशत धनराशि को ही जमा किया जा रहा है। **क्षेत्रीय प्रबन्धक, कुमांऊ, उत्तराखण्ड वन विकास निगम** द्वारा यह अवगत कराया गया कि **प्रबन्ध निदेशक,** उत्तराखण्ड **वन विकास निगम** ने अपने पत्रांक उ–5027/एस0पी0वी0 दिनांक 27.11.2019 द्वारा **प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड** से Special Purpose Vehicle (SPV) के उक्त आदेश को संशोधित करने का अनुरोध किया है। **प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग** द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि लाभांश मद की सम्पूर्ण धनराशि न जमा किये जाने के सम्बन्ध में महालेखाकार, **उत्तराखण्ड** द्वारा प्रभाग की लेखा परीक्षा वर्ष 2018–19 में ऑडिट आपत्ति भी लगायी गयी है।

*उपरोक्त के क्रम में **प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड** ने Special Purpose Vehicle (SPV) में जमा की जाने वाली धनराशि के निर्धारण हेतु पृथक से एक बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। उनके द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि **मुख्य वन संरक्षक, कुमाऊँ** उक्त के सम्बन्ध में उन्हें पत्र प्रेषित कर सम्पूर्ण स्थिति व प्रकरण में अपने मत से शीघ्र अवगत करायें।*

(xii) The total quantity of minor minerals extracted during a year shall not be more than 54.25 lakh cubic meter - इस शर्त का अनुपालन किया जा रहा है। किसी भी चुगान सत्र में 54.25 लाख घ0मी0 से अधिक उपखिनज के चुगान की अनुमति नहीं दी जाती है।

(xiii) Extraction of minor minerals shall be restricted to the middle half of the width of river bed after leaving intact one fourth of width of the river bed along its each bank - **क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तराखण्ड वन विकास** निगम, कुमाऊँ द्वारा यह अवगत कराया गया कि नदी के मध्य के 50 प्रतिशत क्षेत्र को सीमांकित करने के पश्चात ही चुगान कार्य शुरू किया जाता है। अतः इस शर्त का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। **समिति इस संबंध में संतुष्ट हुई।**

(xiv) To ensure maintenance of river geometry, collection of minor minerals during a working season shall start from centre of the river width and shall gradually extend to the boundary of the permissible area. The maximum permissible depth for collection of minor minerals at centre of the river width shall be limited to 3 meters and it shall gradually be reduced till it reaches boundary of the permissible zone - **प्रभागीय लौगिंग प्रबन्धक खनन,** लालकुआं एवं **हल्द्वानी** द्वारा अवगत कराया गया कि इस शर्त का अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। **समिति इस संबंध में संतुष्ट हुई।**

(xv) To regulate and maintain record of the quantity of minor minerals extracted during a season, the State Forest Department shall set up adequate number of check posts during the collection season - इस शर्त के अनुपालन के फलस्वरूप आवश्यकतानुसार चैक पोस्ट की स्थापना की गयी है। **समिति इस संबंध में संतुष्ट हुई।**

(xvi) Extraction of minor mineral shall be restricted from 1st October to 31st May of the subsequent year - **प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग** द्वारा यह अवगत कराया गया कि यद्यपि चुगान सत्र 1, अक्टूबर से 31, मई तक होता है, परन्तु इस चुगान सत्र में

कोविड–19 महामारी तथा उसके चलते 'लॉकडाउन' के कारण **भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली** ने अपने पत्रांक एफ0सी0–17/9/2020–एफ0सी0 दिनांक 04.06.2020 द्वारा इस चुगान सत्र को 31, मई 2020 की बजाय 30, जून 2020 तक बढ़ाने की अनुमति प्रदान की है। **भारत सरकार** द्वारा उक्त अनुमति के क्रम में **औद्योगिक विकास (खनन), अनुभाग–1, उत्तराखण्ड सरकार** द्वारा अपनी पत्र संख्या 650/VII-A-1/2020/22ख/13 दिनांक 05.06.2020 द्वारा गौला, कोसी, दाबका, नन्धौर एवं शारदा नदी से अवशेष उपखनिज चुगान एवं निकासी की अनुमति की समयावधि दिनांक 30.06.2020 तक विस्तारित की है। **भारत सरकार** एवं **उत्तराखण्ड सरकार** के उपरोक्त पत्रों के क्रम में गौला, कोसी, दाबका, नन्धौर एवं शारदा नदी में इस चुगान सत्र में माह जून में भी चुगान किया गया/जा रहा है।

(xvii) Minor minerals shall be collected manually by using hand tools. Use of explosive and heavy machineries for breaking/collection of minor minerals shall be strictly prohibited - **प्रभागीय लौगिंग प्रबन्धक खनन, लालकुआं** एवं **हल्द्वानी** द्वारा अवगत कराया गया कि इस शर्त का अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। **समिति** इस संबंध में संतुष्ट हुई।

(xviii) Collection time shall be from sun-rise to sun-set - **प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी** द्वारा अवगत कराया गया कि इस शर्त का अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। **समिति** इस संबंध में संतुष्ट हुई।

(xix) No labour camp shall be set up in the forest area for the labourers engaged in collection of the minor minerals - **प्रभागीय लौगिंग प्रबन्धक खनन, लालकुआं** एवं **हल्द्वानी** द्वारा अवगत कराया गया कि इस शर्त का अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। **समिति** इस संबंध में संतुष्ट हुई।

(xx) Breaking of boulders shall be undertaken outside the forest boundaries - **प्रभागीय लौगिंग प्रबन्धक खनन, लालकुआं** एवं **हल्द्वानी** द्वारा अवगत कराया गया कि इस शर्त का अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। **समिति** इस संबंध में संतुष्ट हुई।

(xxi) The labourers engaged in collection work shall be provided free of cost, fuel wood/alternate source of energy to avoid any pressure on adjoining forests - **प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड** द्वारा यह निर्देश दिये गये कि *उपखनिज चुगान कार्य में लगे हुए श्रमिकों को कार्यदायी संस्था की तरफ से दी जाने वाली समस्त सामग्री एवं सुविधायें अत्यन्त पारदर्शी तरीके से एवं समयबद्धता को ध्यान में रखते हुए अनुमन्य की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि जो भी श्रमिक उक्त क्षेत्रों में कार्यरत हैं, उन्हें पीने हेतु शुद्ध जल उपलब्ध कराया जाये।* ***प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम*** *द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि भविष्य में श्रमिकों को उपलब्ध कराये जाने वाली सामग्री को संबंधित प्रभाग के वनाधिकारियों तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया कर्मियों की उपस्थिति में ही वितरित किया जाये। श्रमिकों को* ***कोविड–19*** *के प्रति जागरूक करते हुए* ***कोविड–19*** *से बचने के लिए उपयुक्त सामग्री भी* ***उत्तराखण्ड वन विकास निगम*** *के स्तर से उपलब्ध करायी जाये।*

(xxii) The boundary of the forest land being diverted shall be demarcated on ground at the project cost, by erecting four feet high reinforced cement concrete pillars, each inscribed with its serial number, DGPS coordinates, forward and back bearing and distance from

adjoining pillars etc - **प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी** द्वारा यह अवगत कराया गया कि चुगान क्षेत्र का सीमांकन 'पिलर्स' के माध्यम से कर इस शर्त का अनुपालन सुनिश्तिच किया जा रहा है। **समिति** इस संबंध में संतुष्ट हुई।

(xxiii) The forest land shall not be used for any purpose other than the specified in the proposal - **मुख्य वन संरक्षक, कुमाऊँ** द्वारा यह अवगत कराया गया कि प्रत्यावर्तित आरक्षित वन भूमि का उपयोग उसी कार्य हेतु किया जा रहा है जिस हेतु उसका हस्तान्तरण किया गया है। **समिति** इस संबंध में संतुष्ट हुई।

(xxiv) User agency shall submit annual self-monitoring report, indicating status of compliance to the conditions stipulated in the approval, to the State Government and the concerned Regional Office of this Ministry - **क्षेत्रीय प्रबन्धक, कुमांऊ, उत्तराखण्ड वन विकास निगम** द्वारा अवगत कराया गया कि **वार्षिक** self-monitoring report **राज्य सरकार** को तथा **भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** के देहरादून स्थित **क्षेत्रीय कार्यालय** को उपलब्ध करायी जा रही है। *उक्त की एक प्रति **वन विभाग** को भी शीघ्र उपलब्ध करा दी जायेगी।*

(xxv) Any other condition that the Central Regional Office of this Ministry, Lucknow and the State Government of Uttarakhand may stipulate, from time-to-time, in the interest of conservation, protection and development of forests & wildlife - **भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय** द्वारा कोई अन्य शर्त अधिरोपित नहीं की गयी है। ***मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड** द्वारा यह अपेक्षा की गयी कि **उत्तराखण्ड वन विकास निगम**, भारत सरकार द्वारा जारी 'Sustainable Sand Mining Guidelines" का अध्ययन कर ले तथा उसका भी अनुपालन सुनिश्चित करे।*

(xxvi) The User Agency and the State Government shall ensure compliance to provisions of the all Acts, Rules, Regulations and Guidelines for the time being in force as applicable to the project - **क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम, कुमाऊँ** एवं रामनगर द्वारा अवगत कराया गया कि इस शर्त का अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। **समिति** इस संबंध में संतुष्ट हुई।

नन्धौर नदी :–

प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग द्वारा **भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली** की शर्त सं0 (ii) की तरफ ध्यान आकृष्ट किया गया जिसके अनुसार प्रावधान है कि – 25% of revenue realised from disposal of material from river beds shall be spent on river training and treatment of catchment area. उक्त शर्त का अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया जा रहा है। **प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग** द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था **(उत्तराखण्ड वन विकास निगम)** द्वारा चुगान सत्र 2019–20 में बिना **वन विभाग** की सहमति के रिवर ट्रेनिंग मद के सापेक्ष वसूली स्वतः ही बन्द कर दी है। उक्त के फलस्वरूप **भारत सरकार** द्वारा अधिरोपित शर्त का अनुपालन सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है। ***प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड** ने उक्त विषय पर चर्चा हेतु पृथक से एक बैठक आयोजित करने के निर्देश निर्गत किए।*

कोसी एवं दाबका नदी :–

भारत सरकार द्वारा कोसी एवं दाबका नदी से उपखनिज चुगान हेतु प्रदत्त अनुमति की अधिकतर शर्तें गौला नदी की अनुमति के समान ही हैं। बिन्दु संख्या–4 के अनुसार अधिरोपित शर्त निम्नानुसार है :–

No collection of minor minerals shall be permitted from the portion of the Dabka river located on northern side of the Ramnagar- Haldwani Highway.

(xxvii) प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पश्चिमी वन प्रभाग द्वारा यह अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा अधिरोपित उक्त शर्त का अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है तथा गौला पुल के उत्तरी भाग से उपखनिज का चुगान नहीं किया जा रहा है। समिति इस संबंध में संतुष्ट हुई।

शारदा नदी :–

भारत सरकार द्वारा कोसी एवं दाबका नदी से उपखनिज चुगान हेतु प्रदत्त अनुमति की अधिकतर शर्तें गौला नदी की अनुमति के समान हैं। बिन्दु संख्या–4 एवं 9 में अधिरोपित शर्त निम्नानुसार है :–

4- No collection of minor minerals shall be permitted from the portion of the Sharda river located on the upstream of the Sharda Barrage.

9- The State Government shall through the Central Soil & Water Conservation, Dehradun assess the quantity of minor minerals that may be sustainably be collected from the said portion of the Sharda river and intimate the same to MoEFCC.

(xxviii) क्षेत्रीय प्रबन्धक, कुमांऊ, उत्तराखण्ड वन विकास निगम द्वारा यह अवगत कराया गया कि शारदा नदी से उपखनिज चुगान में भारत सरकार द्वारा अधिरोपित उक्त शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है तथा Indian Institute of Soil and Water Conservation, Dehradun द्वारा आकलित मात्रा के अनुसार ही उपखनिज का चुगान किया जा रहा है तथा इस संस्थान से प्राप्त रिपोर्ट को MoEFCC भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय को उपलब्ध कराया जा रहा है। समिति इस संबंध में संतुष्ट हुई।

अध्यक्ष के धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी!

06/08/2020

(जय राज)
प्रमुख वन संरक्षक (HoFF),
उत्तराखण्ड।

कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड।

दू0सं0 0135–2746934, 2741461, फैक्स–2741630, 2741462 ईमेल – pccfuk@gmail.com

पत्र संख्या– P.O.'/102 देहरादून, दिनांक, 06, अगस्त, 2020।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– प्रमुख सचिव, वन एवं पर्यावरण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2– प्रमुख वन संरक्षक (वन्य जीव)/ मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक, चन्द्रवनी, देहरादून।
3– प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम, देहरादून।
4– निदेशक वन्य जीव संस्थान, देहरादून।
5– अपर प्रमुख वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय, देहरादून।
6– क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, देहरादून।
7– मुख्य वन संरक्षक (कुमांऊ), उत्तराखण्ड, नैनीताल।
8– वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी।
9– प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी (कृपया *italics* द्वारा निर्दिष्ट बिन्दुओं पर यथोचित कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें)।
10– प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पश्चिमी वन प्रभाग, रामनगर।
11– प्रभागीय वनाधिकारी, हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी।
12– डब्ल्यू.डब्ल्यू.एफ., इंडिया।
13– डब्ल्यू.टी.आई., इंडिया।
14– संस्कार संस्था।
15– आई.यू.सी.एन., इंडिया।

06/08/2020

(जय राज)
प्रमुख वन संरक्षक (HoFF),
उत्तराखण्ड।

उत्तराखण्ड में गौला, कोसी, दाबका, शारदा एवं नन्धौर नदियों से उपखनिज के चुगान स्वीकृति सम्बन्धी भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अधिरोपित शर्तों के अनुपालन की समीक्षा हेतु प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में गठित समिति की दिनांक 25.04.2019 को मंथन सभागार, वन मुख्यालय, देहरादून में आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक की उपस्थिति–

1. श्रीमती रंजना काला, प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव / मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड।
2. श्री मोनीष मल्लिक, प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम, देहरादून।
3. श्री डी0जे0के0 शर्मा, अपर प्रमुख वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय, देहरादून।
4. श्री के0एम0 राव, अपर प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम, देहरादून।
5. डा0 कपिल जोशी, अपर प्रमुख वन संरक्षक, प्रशासन, उत्तराखण्ड, देहरादून।
6. डा0 विवेक पाण्डे, मुख्य वन संरक्षक, कुमाऊँ, नैनीताल।
7. डा0 पराग मधुकर धकाते, वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त, हल्द्वानी।
8. श्री0 जी0सी0 पन्त, क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम, रामनगर।
9. श्री एम0पी0एस0 रावत, क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम, कुमाऊँ।
10. श्री नीतीश मणि त्रिपाठी, प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी एवं हल्द्वानी वन प्रभाग।
11. श्री हिमांशु बागडी, प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पश्चिमी वन प्रभाग।
12. श्री प्रकाश आर्य, प्रभागीय लौगिंग प्रबन्धक, पूर्वी हल्द्वानी प्रभाग।
13. श्री प्रेम सिंह बोरा, प्रभागीय लौगिंग प्रबन्धक, खनन प्रभाग, नन्धौर।
14. श्री एस0 सूरीन, प्रभागीय लौगिंग प्रबन्धक (मुख्यालय) उत्तराखण्ड वन विकास निगम, देहरादून।
15. श्री अनिल कुमार सिंह, टीम लीडर WWF, तराई आर्क लैण्डस्केप।
16. श्री दिनेश चन्द्र पाण्डे, प्रतिनिधि WTI
17. श्री मेराज अनवर, प्रतिनिधि (ALC) WWF India

बैठक प्रारम्भ करते हुए प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग ने बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रमुख वन संरक्षक (HoFF) उत्तराखण्ड एवं अन्य उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत किया। तत्पश्चात प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग ने यह अवगत कराया कि गौला, कोसी, दाबका, शारदा, नन्धौर नदियों में 10 वर्षो के लिये उप खनिज चुगान हेतु अनुमति भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के निम्नलिखित आदेशों से कतिपय शर्तों के अधीन प्राप्त हुई है।

नदी का नाम	वन संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्त अनुमति की आदेश संख्या तथा अनुमति की प्राप्ति का दिनांक
गौला	F. No.8-61/1999-FC, 23rd January 2013
नन्धौर	F. No.8-34/2016-FC, 6th September 2017
शारदा	F. No.8-61/1999-FC (pt-III), 11th February 2013
कोसी	F. No.8-61/1999-FC (pt-I), 15th February 2013
दाबका	F. No.8-61/1999-FC (pt-II), 15th February 2013

उक्त मॉनिटरिंग समिति द्वारा भारत सरकार द्वारा प्रदत्त अनुमति में अधिरोपित शर्तों के अनुपालन की समीक्षा की जानी है। प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग द्वारा समिति के सदस्यों को निम्नलिखित तथ्यों से अवगत कराया।

नदी का नाम	जनपद का नाम	प्रभाग का नाम	नदी का वह क्षेत्रफल जिसमें चुगान की अनुमति प्राप्त है
गौला	नैनीताल	तराई पूर्वी वन प्रभाग	1497
नन्धौर	नैनीताल एवं उधमसिंहनगर	तराई पूर्वी वन प्रभाग	468
शारदा	चम्पावत	हल्द्वानी वन प्रभाग	384.69
कोसी	नैनीताल	तराई पश्चिमी वन प्रभाग	254
दाबका	नैनीताल	तराई पश्चिमी वन प्रभाग	223

उपरोक्त नदियों से उप खनिज चुगान की वस्तुस्थिति निम्नानुसार है:—

नदी का नाम	भारत सरकार द्वारा प्रदत्त अनुमति के अनुसार उप खनिज चुगान की अधिकतम मात्रा (लाख घन मीटर में)	CSWCRTI (IISWC) द्वारा सर्वे उपरान्त चुगान सत्र 2018—19 हेतु अनुमानित मात्रा (लाख घन मीटर में)	दि0 24.04.2019 तक उप खनिज चुगान की मात्रा (लाख घन मीटर में)
गौला	54.25	34.55	32.179
नन्धौर	20.30	11.017	7.00
शारदा	CSWCRTI द्वारा प्रतिवर्ष अनुमानित मात्रा	4.50	3.00
कोसी	Recommended संस्था द्वारा प्रतिवर्ष अनुमानित मात्रा	6.27	3.50
दाबका	CSWCRTI द्वारा प्रतिवर्ष अनुमानित मात्रा	0.51	0.50 (दि. 12.03.2019 को उप खनिज चुगान इस चुगान सत्र में बंद कर दिया गया)

तत्पश्चात उत्तराखण्ड वन विकास निगम के प्रतिनिधि के रूप में प्रभागीय लौगिंग प्रबन्धक, नन्धौर खनन द्वारा उक्त पांचों नदियों की चुगान अनुमति में अधिरोपित शर्तों की बिन्दुवार अनुपालन आख्या का प्रस्तुतीकरण निम्नानुसार किया गया:—

गौला नदी–

(i) Legal status of the diverted forest land shall remain unchanged. - नदी की हस्तान्तरित वन भूमि की वैधानिक स्थिति में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उक्त भूमि आज भी आरक्षित वन क्षेत्र है।

(ii) Compensatory afforestation over degraded forest land equal in extent to the forest land being diverted shall be raised and maintained by the state forest department from funds realised from the user agency. – प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग ने यह अवगत कराय कि प्रतिवर्ष 150 है0 क्षतिपूरक वृक्षारोपण किया जा रहा है। इस प्रकार 10 वर्षो में कुल 1500 है0 क्षतिपूरक वृक्षारोपण कर लिया जायेगा। इस सम्बन्ध में प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड ने यह निर्देश दिये कि वर्ष 2013 में अनुमति प्राप्त होने के पश्चात अब तक किये गये क्षतिपूरक वृक्षारोपण का स्थलीय विवरण तथा उसकी सफलता प्रतिशत से प्रमुख वन संरक्षक (HoFF) महोदय को अवगत कराया जाय।

(iii) The state government shall realise from the user agency the additional amount of NPV, if so determined, as per the final decision fo the Hon'ble Supreme Court of India and transfer the same of the ad-hoc CAMPA. – समिति के संज्ञान में यह आया कि गौला तथा अन्य नदियों में उत्तराखण्ड वन विकास निगम द्वारा NPV जमा नहीं किया गया है। इस बिन्दु पर उत्तराखण्ड वन विकास निगम का यह मत है कि उत्तराखण्ड वन विकास निगम पर NPV की देयता मा0 उच्चतम न्यायालय के आदेशों के क्रम में नहीं बनती है तथा भारत सरकार द्वारा प्रदत्त अनुमति में भी इस बात का उल्लेख नहीं है। समिति के संज्ञान में यह आया कि हरिद्वार की नदियों में चुगान हेतु उत्तराखण्ड वन विकास निगम द्वारा NPV जमा की गयी है। उक्त के क्रम में प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड ने यह निर्देश दिये कि उत्तराखण्ड वन विकास निगम पर NPV की देयता अन्य नदियों (गौला, कोसी, दाबका, शारदा, नन्धौर इत्यादि) हेतु बनती है या नहीं, इसके निर्धारण हेतु एक समिति गठित की जाती है, जिसके सदस्य निम्नलिखित होंगे:–

1. श्री डी0जे0के0 शर्मा, अपर प्रमुख वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय, देहरादून – अध्यक्ष
2. श्री के0एम0 राव, अपर प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम, देहरादून।
3. डा0 विवेक पाण्डे, मुख्य वन संरक्षक, कुमाऊँ, नैनीताल।
4. डा0 पराग मधुकर धकाते, वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त, हल्द्वानी।
5. श्री नीतीश मणि त्रिपाठी, प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी एवं हल्द्वानी वन प्रभाग।
6. श्री आकाश वर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी, हरिद्वार वन प्रभाग।

उक्त समिति 15 दिनों में NPV की देयता के संबंध में रिपोर्ट प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

(iv) The user agency shall obtain the Environment Clearance as per the provisions of the Environmental (Protection) Act, 1986, if required; .- क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम, कुमाऊँ ने यह अवगत कराया कि इस शर्त का अनुपालन कर दिया गया है। इस क्रम में प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड द्वारा यह निर्देश दिये गये कि गौला नदी में चुगान हेतु प्रदत्त Environment Clearance की शर्तो की समीक्षा भी अगली बैठक में की जायेगी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि अगली बैठक में सदस्य सचिव, उत्तराखण्ड,

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भी विशेष आमंत्री के रूप में बैठक में प्रतिभाग हेतु आमंत्रित किया जाये। इसके साथ ही प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड ने कार्यदायी संस्था वन विकास निगम को अभी से Environment Clearance सम्बन्धी कार्यवाही शुरू करने हेतु निर्देशित किया क्योंकि गौला नदी चुगान हेतु Environment Clearance वर्ष 2021 में समाप्त होने वाला है। जबकि Forest Clearance 2023 तक वैध है। वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त द्वारा यह अवगत कराया गया कि नन्धौर नदी में चुगान हेतु प्राप्त Environment Clearance में अधिरोपित शर्तों के अनुसार बनाये गये Species Conservation Plan के सापेक्ष अभी तक उत्तराखण्ड वन विकास निगम द्वारा कोई भी धनराशि जमा नहीं करायी गयी है। उक्त के क्रम में उत्तराखण्ड वन विकास निगम ने यह सहमति व्यक्त की कि Species Conservation Plan के अनुपालन हेतु रू0 2 करोड़ की धनराशि अगले 15 दिवसों में संबंधित प्रभाग को उपलब्ध करा दी जायेगी। प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड ने यह निर्देश दिये कि Species Conservation Plan के अनुपालन हेतु प्राप्त धनराशि को प्रभाग के गौला कार्पस एस0पी0वी0 (वन जमा) में जमा किया जाये तथा धनराशि को व्यय किये जाने से पूर्व उक्त प्लान को प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाये तथा प्रस्तावित गतिविधियों को प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड से Approve कराने के बाद ही उक्त धनराशि को व्यय किया जायेगा। WTI के प्रतिनिधि द्वारा यह अवगत कराया गया कि उप खनिज चुगान में लगे हुए वाहनों द्वारा प्रत्येक 03 माह में नवीन प्रदूषण प्रमाण–पत्र नहीं लिया जाता है, जिस पर उत्तराखण्ड वन विकास निगम को यह निर्देशित किया गया कि यह सुनिश्चित किया जाये कि चुगान में लगे हुए वाहनों की प्रत्येक 03 माह में प्रदूषण से संबंधित जांच हो और जो वाहन प्रदूषण के मानकों के अनुरूप हैं, केवल उन्हें ही उप खनिज चुगान की अनुमति दी जाये।

(v) The State Government and the user agency shall work with local residents of Bindu Khatta to give safe and uninterrupted passage to the wild animals passing through the Gola corridor, expedite payment of compensation in case of any damage to property etc. and generally increase awareness of the methods of co-existence of man and wildlife; - उक्त शर्त के अनुपालन हेतु उत्तराखण्ड वन विकास निगम (user agency) द्वारा कृत कार्यवाही से समिति के सदस्य सहमत नहीं थे, जिसके क्रम में समिति द्वारा यह निर्देश दिये गये कि उत्तराखण्ड वन विकास निगम के क्षेत्रीय प्रबन्धक यह सुनिश्चित करेंगे कि बिन्दुखत्ता में निवासरत लोगों को जागरूक किया जाय तथा उनके साथ बैठके कर उन्हें वन्यजीवों के आवागमन को सुगम बनाने हेतु प्रयास किये जायें। उक्त प्रयास में संबंधित प्रभाग के अधिकारियों का भी सहयोग लिया जाय। इसके साथ ही मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं में मुआवजा देने की कार्यवाही त्वरित रूप से की जाये।

(vi) The State Government shall not allow any new facility/ structure within the Gola corridor to ensure its restoration in future. The State Government shall also ensure that the boundary of the ITBP battalion headquarters be shifted towards south so as to ensure that it is located entirely on southern side of the Gola corridor and that the corridor is maintained free of fresh obstructions from the Highway/ Railway line upto the Bindu Katha settlement; - वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त द्वारा यह अवगत कराया गया कि उक्त शर्त का अनुपालन सुनिश्चित कर लिया गया है तथा ITBP battalion headquarters को दक्षिण की तरफ Shift कर दिया गया है। बैठक में उपस्थित WTI के प्रतिनिधि द्वारा यह अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में लालकुआं के निकट कॉरिडोर क्षेत्र में वन्यजीवों के

आवागमन हेतु अन्डरपास बनाया जाना आवश्यक है, जिसके क्रम में वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त द्वारा यह भी अवगत कराया कि लालकुआं के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग में अन्डरपास बनाये जाने हेतु वन विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों के साथ कई दौर की वार्ता हो चुकी है तथा राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित अधिकारियों द्वारा अन्डरपास शीघ्र बनाये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी है।

(vii) To eliminate disturbance from collection of minor minerals on movement of wild animals along the gola corridor, collection of minor minerals in a 2.50 km long stretch of the river bed located on the gola corridor shall be prohibited. However, in case it is observed that non-collection of minor mineral from the corridor results in major floods in adjoining areas, the user agency, under strict supervision of the StateForest Department and representative of the Chief Wildlife Warden, may undertake periodic accelerated collection (during the period having least frequency of wildlife movement)of minor minerals from said stretch of the river bed, to maintatin river geometry; - क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम, कुमाऊँ द्वारा यह अवगत कराया गया कि प्रश्नगत 2.50 km क्षेत्र में विगत वर्ष बाये किनारे पर बड़ी मात्रा में एकत्रित आर0बी0एम0 को निकटवर्ती क्षेत्रों में आपदा के दृष्टिगत जिलाधिकारी, नैनीताल द्वारा आपदा अधिनियम के अधीन जारी आदेश के क्रम में चैनलाईज करा दिया गया है तथा उक्त चैनलाईजेशन के फलस्वरूप निकले हुए आर0बी0एम0 को चैनल के दोनों तरफ एकत्रित कर दिया गया है। मौके पर उक्त आर0बी0एम0 पड़ा हुआ है, जिसका आगामी वर्षाकाल में बह कर नीचे के क्षेत्रों में बह जाने की सम्भावना है। उक्त के क्रम में प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड द्वारा यह निर्देश दिया गया कि मॉनिटरिंग कमेटी की एक सब कमेटी बनायी जाये जो कि प्रश्नगत क्षेत्र का निरीक्षण अगले 01 सप्ताह के अन्तर्गत करे तथा अपनी रिपोर्ट निम्नलिखित बिन्दुओं पर प्रस्तुत करेगी। कमेटी का यह मेन्डेट होगा कि वह देख ले कि उक्त कॉरिडोर क्षेत्र में चैनल बनाये जाने के पश्चात जो आर0बी0एम0 एकत्रित हुआ है, उसकी वजह से वन्यजीवों के आवागमन पर कोई दुष्प्रभाव तो नहीं पड़ रहा है। साथ ही इस बात की भी समीक्षा कर ले कि उक्त आर0बी0एम0 के निचले क्षेत्रों में बह जाने के कारण आबादी क्षेत्रों में आपदा आने की सम्भावना तो नहीं है। यदि उपरोक्त तथ्यों के दृष्टिगत उक्त एकत्रित आर0बी0एम0 को उक्त क्षेत्र से हटाया जाना आवश्यक हो तो ऐसी स्थिति में मशीनों (जे0सी0बी0 इत्यादि) का प्रयोग किया जा सकता है अथवा नहीं। उक्त के साथ ही सब कमेटी गौला नदी में वर्तमान की स्थिति में उप खनिज की उपलब्धता के संबंध में CSWCRTI (IISWC) द्वारा प्रस्तुत सर्वे रिपोर्ट का आंकलन करेगी तथा गौला नदी में उपलब्ध उप खनिज की मात्रा का आंकलन तथा गौला नदी में उपलब्ध उप खनिज के सापेक्ष कब तक (अथवा किस मात्रा तक) चुगान की प्रक्रिया जारी रखी जा सकती है। इस संबंध में भी स्पष्ट रिपोर्ट 01 सप्ताह के अन्तर्गत प्रस्तुत करेगी। उक्त सब कमेटी के निम्नलिखित सदस्य होंगे:-

1- श्री मोनीष मल्लिक, प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम, देहरादून – अध्यक्ष
2- निदेशक, भारतीय वन्यजीव संस्थान के प्रतिनिधि (विशेष आमंत्री)।
3- श्री रंजन मिश्रा, मुख्य वन संरक्षक, प्रशासन एवं वन्यजीव संरक्षण और आसूचना, उत्तराखण्ड। प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड के प्रतिनिधि के रूप में।
4- डा0 विवेक पाण्डे, मुख्य वन संरक्षक, कुमाऊँ, नैनीताल।
5- निदेशक, IISWC के प्रतिनिधि (विशेष आमंत्री)।
6- डा0 पराग मधुकर धकाते, वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त, हल्द्वानी।

7- जिलाधिकारी, नैनीताल के प्रतिनिधि (विशेष आमंत्री)।
8- श्री नीतीश मणि त्रिपाठी, प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी एवं हल्द्वानी वन प्रभाग।
9- श्री अनिल कुमार सिंह, टीम लीडर WWF, India, तराई आर्क लैण्डस्केप।

(viii) To restore the functionality and utility of the migratory corridor linking Corbet Tiger Reserve with the Pawalgarh Conservation Reserve, the State Government may explore feasibility to relocate the settlements from the Sunderkhal village by using State CAMPA funds; - इस बिन्दु के संबंध में विगत वर्ष की बैठक में निदेशक, कार्बेट टाईगर रिजर्व द्वारा यह अवगत कराया गया था कि सुन्दरखाल गांव को विस्थापित किये जाने का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है।

(ix) The State Government shall constitute a committee under Chairmanship of the Principal Chief Conservator of Forest, Government of Uttarakhand and having the representative of the Ministry of Environment & Forests, Wildlife Institute, Dehradun and NGOs such as Sanskara, WWF-India, WTI, IUCN etc. as its members to review annually the status of compliance of the stipulated conditions and issue appropriate direction to the user agency in case of any deviation as well as any hazard due to non-removal of minor minerals from the protected corridor. The collection of minor minerals after 31st day of January in a year shall be allowed only after receipt of certificate from the Monitoring Committee that the conditions stipulated int eh approval accorded under the Forest (Conservation) Act, 1980 and the instructions issued by the Monitoring Committee have satisfactorily been complied in collection of the minor minerals during the previous calendar year;- इस शर्त के अनुपालन हेतु मॉनिटरिंग कमेटी राज्य सरकार द्वारा गठित कर दी गयी है तथा आज उक्त समिति की वार्षिक बैठक सम्पन्न की जा रही है।

(x) To ensure extraction of minor minerals in a sustainable manner the user agency shall formulate a transparent and unbiased procedure for engagement of labourers for extraction of the minor minerals from the diverted forest land; ;- उक्त बिन्दु के अनुपालन के संबंध में क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम, कुमाऊँ एवं रामनगर द्वारा यग अवगत कराया गया है कि नदियों से चुगान हेतु रजिस्टर्ड वाहनों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया तथा चुगान की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से एवं बिना किसी भेद भाव के सम्पन्न की जाती है।

(xi) Fifty percent of the net profit earned by the user agency from the collection of minor minerals shall be deposited to a Special purpose Vehicle (SPV) to be constituted by the Sate Government under the Chairmanship of the Chief Wildlife Warden, Government of Uttarakhand. The amount to be deposited in the SPV shall be used exclusively for river training activities and management & protection of forest & wildlife in vicinity of forest land diverted for collection of minor minerals. ;- इस शर्त के क्रम में वन विभाग का यह मत है कि कार्यदायी संस्था द्वारा अपने Net Profit के 50 प्रतिशत को Special purpose Vehicle (SPV) गौला कार्पस में जमा नहीं किया जा रहा है, जबकि Net Profit का calculation कार्यदायी संस्था की balance sheet के आधार पर होना चाहिए। इस क्रम में क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम, कुमाऊँ द्वारा यह अवगत कराया गया कि गौला नदी में लाभांश के रूप में चुगान के फलस्वरूप अर्जित रायल्टी की दरों के 10 प्रतिशत (वर्तमान में 85 पैसे प्रति कुन्तल) की धनराशि गौला कार्पस में जमा की जा रही है। क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम, रामनगर द्वारा यह अवगत कराया गया कि लाभांश के रूप में अर्जित धनराशि का 50 प्रतिशत ही कोसी, दाबका कार्पस निधि में जमा किया जा रहा है। उक्त के क्रम में प्रमुख वन संरक्षक (HoFF)

